Regarding establishment of Veterinary University in Maharajganj

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(महाराजगंज) :** महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज उत्तर बिहार का एक प्रमुख लोक सभा क्षेत्र है । हमारे संसदीय क्षेत्र सहित इसके आसपास के कई संसदीय क्षेत्रों की जनता की जीविका का मुख्य आधार कृषि और पशुपालन है । ऐसे मैं स्वाभाविक है कि यहाँ के लोगों में अपने बच्चों को पशु चिकित्सा संबंधी उच्च शिक्षा दिलवाने की आकांक्षा होगी । इसलिए मैं चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत एक पशु चिकित्सा महाविद्यालय खुलवाया जाए । वैसे भी बिहार राज्य में पशु चिकित्सा महाविद्यालय की कमी है । इस परिस्थिति में मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पशु चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित हो जाने से हमारे संसदीय क्षेत्र उत्तर बिहार के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को पशु चिकित्सा संबंधी उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य बनाने का अवसर प्राप्त होगा । साथ ही पशुधन आबादी वाले बड़े क्षेत्र में पशुओं, पक्षियों के स्वास्थ्य की भी देखभाल होगी ।

अत: महोदय, मैं आपके माध्यम से पशुपालन, डेयरी और मत्स्य मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि जनहित में मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज में एक पशु चिकित्सा महाविद्यालय खुलवाने की कृपा की जाए । धन्यवाद ।